इस प्रश्न-पत्र में **8** मुद्रित पृष्ठ हैं, जिसमें **16** प्रश्न हैं ।

अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | |

# HINDI
# (हिन्दी)
# (201)

**Code No. / कोड नं. 50/HIS/2**

**SET/सेट A**

परीक्षा का दिन व दिनांक ........................................................................

निरीक्षकों के हस्ताक्षर 1. ..........................................

2. ..........................................

---

***सामान्य अनुदेश :***

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें ।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है । इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं ।
3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) या (D) में से कोई **एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखिए ।
4. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ-साथ सभी प्रश्नों के उत्तर निर्धारित अवधि के भीतर ही देने हैं । वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिए अलग से समय नहीं दिया जाएगा ।
5. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा ।
6. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र की कोड संख्या **50/HIS/2,** सेट **A** लिखें ।

# HINDI
# (हिन्दी)
# (201)

समय : **3** घण्टे ] [ पूर्णांक : **100**

**निर्देश** : **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रश्नों के लिए निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं ।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : **1 × 5 = 5**

   (i) 'इसे जगाओ' कविता में किसे जगाने के लिए कहा गया है ?

   (A) जो थककर सो गया है । (B) जिसे सपने देखना अच्छा लगता है ।

   (C) जो घबराकर भागता है । (D) जो सच से बेखबर है ।

   (ii) 'मानवीकरण' अलंकार का अर्थ है

   (A) जो मानव नहीं, उसे मानव के रूप में कल्पित करना ।

   (B) दूसरों के सुख-दु:ख को अपना सुख-दु:ख मानना ।

   (C) पेड़, पहाड़, नदी आदि के प्रति चिंता प्रकट करना ।

   (D) सच्चा मनुष्य बनाने का प्रयास करना ।

   (iii) 'आज़ादी' कविता में 'आज़ादी' शब्द का मतलब है

   (A) कुछ भी करने की छूट (B) अनिवार्य आवश्यकता की पूर्ति

   (C) उच्छृंखलता और स्वच्छंदता (D) कर्म से मुक्ति

   (iv) रहीम के दोहे में 'अब दादुर वक्ता भए' से कवि का क्या आशय है ?

   (A) समझदारों की इज्ज़त होती है (B) कोयल ने मौन साध लिया

   (C) मूर्ख मंच पर आ पहुँचे (D) मेंढकों ने कूकना शुरू कर दिया

   (v) 'उनको प्रणाम !' कविता के अनुसार सपने देखना कब सार्थक होता है ?

   (A) जब उनके लिए प्रयास किए जाएँ (B) जब उनका अनुकरण किया जा सके

   (C) जब उनका प्रचार किया जा सके (D) जब वे सच हो सकें

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **15-20** शब्दों में लिखिए : **1 × 6 = 6**

   (क) कवि वृंद के दोहे – 'करत-करत अभ्यास तें जड़मति होत सुजान ।' में 'अभ्यास' शब्द से क्या तात्पर्य है ?

   (ख) 'लो यह लतिका भी भर लाई मधु-मुकुल नवल रस गागरी ।' इस पंक्ति का क्या भाव है ?

   (ग) 'बूढ़ी पृथ्वी का दु:ख' कविता में पृथ्वी को 'बूढ़ी' क्यों कहा गया है ?

   (घ) 'इसे जगाओ' कविता में सोए हुए व्यक्ति को जगाने के लिए किनसे अनुरोध किया गया है ?

   (ङ) 'चंद्रगहना से लौटती बेर' कविता में सरसों को सयानी क्यों कहा है ?

   (च) कवि ने 'आह्वान' कविता में किन्हें पौरुष का पाठ पढ़ने का संदेश दिया है ?

3. निम्नलिखित काव्यांश किस पाठ से लिया गया है ? इसके कवि के नाम का उल्लेख करते हुए काव्यांश का काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए । **5**

देख आया चंद्रगहना
देखता हूँ दृश्य अब मैं
मेंड़ पर इस खेत की बैठा अकेला ।
एक बीते के बराबर
यह हरा ठिगना चना,
बाँधे मुरैठा शीश पर
छोटे गुलाबी फूल का,
सज कर खड़ा है ।

**अथवा**

नैना देत बताय सब, हिय को हेत-अहेत ।
जैसे निरमल आरसी, भली-बुरी कहि देत ।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लगभग **25-25** शब्दों में लिखिए : **$2 \times 3 = 6$**

(क) 'बीती विभावरी जाग री' कविता में भोर के समय प्रकृति में क्या-क्या परिवर्तन हो रहे हैं ? वर्णन कीजिए ।

(ख) 'आह्वान' कविता में 'आगे बढ़ो, ऊँचे चढ़ो' पंक्ति द्वारा देशवासियों को कवि क्या संदेश देना चाहता है ?

(ग) 'उनको प्रणाम' कविता में असफल लोगों के प्रति अभिव्यक्त दृष्टिकोण का स्पष्टीकरण कीजिए ।

(घ) 'आज़ादी' कविता के आरंभ में शागिर्द आज़ादी का क्या अर्थ समझता था ?

5. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग **50** शब्दों में दीजिए : **3**

'उनको प्रणाम' कविता को दृष्टि में रखते हुए आप अपने किसी एक सपने के बारे में बताएँ जिसे पूरा करने में आपने भरसक प्रयत्न किया हो ।

**अथवा**

'बीती विभावरी जाग री' को दृष्टि में रखते हुए आप शहरी जीवन की किसी सुबह का वर्णन कीजिए ।

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के रूप में दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : **$1 \times 6 = 6$**

(i) 'अपना-पराया' पाठ के आधार पर बताइए कि रक्त की श्वेत कणिकाएँ

(A) रोगाणुओं का भोजन बन जाती हैं । (B) निष्क्रिय रहती हैं ।

(C) रोगाणुओं से लड़ती हैं । (D) रोगाणुओं को ऊतक तरल तक पहुँचाती हैं ।

(ii) 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी में वाजिदअली शाह के बंदी बनाए जाने का मिरज़ा और मीर को कोई मलाल नहीं था, क्योंकि –

(A) शतरंज का बादशाह अधिक महत्त्वपूर्ण था ।

(B) वे अंग्रेज़ों के साथी थे ।

(C) वे उससे ईर्ष्या करते थे ।

(D) उन्हें अंग्रेज़ी फौज से डर लगता था ।

(iii) 'अंधेर नगरी' नाटक में राजा फाँसी के फंदे पर झूलना चाहता है, क्योंकि –

(A) फंदा उसी के नाप का था । (B) उसका अधिकार था ।

(C) वह प्रजा का हितचिंतक था । (D) वह स्वर्ग पाना चाहता था ।

(iv) 'सुखी राजकुमार' कहानी में नगर के लोग राजकुमार की प्रतिमा की तारीफ करते थे, क्योंकि –

(A) जब वह जीवित था, तो लोगों की सहायता करता था ।

(B) उसकी प्रतिमा में बहुमूल्य वस्तुएँ लगी थीं ।

(C) मूर्ति बनने पर राजकुमार का आत्म-विस्तार हो गया था ।

(D) प्रतिमा विश्वभर के कलाकारों की प्रतिभा का प्रमाण थी ।

(v) अख़बारों में प्रकाशित किया जाता है –

(A) सभी प्रकार की घटनाओं को (B) परिचितों के समाचारों को

(C) सिर्फ राजनीतिक सूचनाओं को (D) महत्त्वपूर्ण घटनाओं को

(vi) फ़ोटो के नीचे दी गई सूचना को अखबार की भाषा में कहते हैं –

(A) बाइलाइन (B) कैप्शन

(C) इन्ट्रो (D) ब्यौरा

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **15-20** शब्दों में दीजिए : **$1 \times 7 = 7$**

(i) कल्पना चावला की मृत्यु के पश्चात् तत्कालीन प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने क्या घोषणा की थी ?

(ii) 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी के आधार पर बताइए कि किस कारण लखनऊ अंग्रेज़ों के कब्ज़े में चला गया ।

(iii) 'नाखून क्यों बढ़ते हैं' पाठ के आधार पर बताइए कि नाख़ून कुछ लाख वर्ष पूर्व मनुष्य के लिए आवश्यक अंग क्यों थे ।

(iv) 'अपना-पराया' पाठ के आधार पर बताइए कि डिफ़्थीरिया रोग शरीर के किस अंग में होता है ।

(v) पाठकों के पत्रों से अखबारों को क्या लाभ होता है ?

(vi) 'सुखी राजकुमार' कहानी में देवदूत ईश्वर के लिए नगर की कौन सी दो मूल्यवान वस्तुएँ ले गए ?

(vii) 'अंधेर नगरी' नाटक में 'टके सेर भाजी टके सेर खाजा' का क्या भाव है ?

8. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **$1 + 2 + 2 = 5$**

दोनों दोस्तों ने कमर से तलवारें निकाल लीं । नवाबी जमाना था; सभी तलवार, पेशकब्ज़, कटार वगैरह बाँधते थे । दोनों विलासी थे, पर कायर न थे । उनमें राजनीतिक भावों का अध:पतन हो गया था – बादशाह के लिए, बादशाहत के लिए क्यों मरे; पर व्यक्तिगत वीरता का अभाव न था । दोनों जख़्म खाकर गिरे और दोनों ने वहीं तड़प-तड़प कर जानें दे दीं । अपने बादशाह के लिए जिनकी आँखों से एक बूँद आँसू न निकला, उन्हीं दोनों प्राणियों ने शतरंज के वज़ीर की रक्षा में प्राण दे दिए ।

(क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम बताइए ।

(ख) गद्यांश का मूलभाव स्पष्ट कीजिए ।

(ग) आज भी देश में व्यक्तिगत वीरता की कमी नहीं, पर सामाजिक पतन निरन्तर बढ़ता ही जा रहा है । इसका कारण स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

"प्यारी गौरैया, तुमने मुझे इतनी आश्चर्यजनक वस्तुएँ बताईं, लेकिन इनसे भी ज़्यादा आश्चर्यजनक है – मनुष्य का दु:ख-दर्द, दु:ख से बड़ा कोई रहस्य नहीं ! जाओ, मेरे नगर को देखकर बताओ कि वहाँ क्या हो रहा है ।" गौरैया शहर पर उड़ने लगी । अमीर अपने महलों में रंगरलियाँ मना रहे थे और गरीब हाथ फैलाए भीख माँग रहे थे । वह अँधेरी गलियों पर से उड़ी और उसने देखा कि भूखे बच्चे ज़र्द चेहरे लटकाए हुए सूनी निगाहों से देख रहे हैं । एक पुलिया के नीचे दो बच्चे सिकुड़े हुए बैठे हैं – "भागो यहाँ से !" चौकीदार बोला और वे बारिश में भीगते हुए चल दिए ।

(क) यह गद्यांश किस पाठ से है ? इसके लेखक कौन हैं ?

(ख) आश्चर्यजनक है – 'मनुष्य का दु:ख-दर्द, दु:ख से बड़ा कोई रहस्य नहीं !' प्रस्तुत पंक्ति का भाव स्पष्ट करते हुए बताइए यह वाक्य किसने कहा ।

(ग) जिस देश के बच्चे भुखमरी और बीमारी से ग्रस्त हों उस देश का भविष्य क्या होगा ? अपने विचार लिखिए ।

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लगभग **20-20** शब्दों में लिखिए : **$2 \times 4 = 8$**

(i) 'गिल्लू' कहानी में लेखिका ने गिल्लू को कमरे में संरक्षण दिया पर उसकी आज़ादी नहीं छीनी । उसकी आज़ादी के लिए क्या प्रबन्ध किया गया ?

(ii) 'बहादुर' कहानी में बहादुर अपनी माँ के कारण ही घर से भागा और उसे ही अपनी मेहनत के पैसे भी भिजवाता है – इस दोहरे व्यक्तित्व के पीछे बहादुर की मानसिकता लिखिए ।

(iii) 'रॉबर्ट नर्सिंग होम में' जाना लेखक के लिए यादगार बन गया – कैसे ?

(iv) समाचारों की भाषा की क्या विशेषताएँ होनी चाहिए ?

(v) कल्पना चावला की मृत्यु कब और कैसे हुई ?

10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लगभग **40-50** शब्दों में लिखिए : **$3 \times 3 = 9$**

(क) 'बहादुर' कहानी में माँ द्वारा पीटे जाने पर बहादुर घर से भाग जाता है । किसी भी सूरत में उसका यह निर्णय आदर्श नहीं माना जा सकता । अत: आप कोई सकारात्मक रास्ता सुझाइए जिसका अनुकरण नई पीढ़ी कर सके ।

(ख) 'सुखी राजकुमार' कहानी में राजकुमार ने कहा कि 'मुझे मरने के उपरान्त इतने ऊँचे पर स्थापित कर दिया है कि मैं संसार का दु:ख-दर्द देख सकता हूँ ।' स्पष्ट करते हुए बताइए कि आप ऊँचे पदों पर स्थापित हो समाज को क्या सुख देंगे ।

(ग) 'अंधेर नगरी' नाटक को लिखने के पीछे भारतेंदुजी का क्या उद्देश्य था ? स्पष्ट कीजिए ।

(घ) मुख के भीतर जीभ एक द्वारपाल जैसा कार्य करती है । 'अपना-पराया' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

11. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **1 × 5 = 5**

हैं जनम लेते जगह में एक ही,
एक ही पौधा उन्हें है पालता ।
रात में उन पर चमकता चाँद भी,
एक ही-सी चाँदनी है डालता ।

छेदकर काँटा किसी की उँगलियाँ,
फाड़ देता है किसी का वर-वसन ।
प्यार डूबी तितलियों के पर कतर,
भौंर का है बेध देता श्याम-तन ।

फूल लेकर तितलियों को गोद में,
भौंर को अपना अनूठा रस पिला ।
निज सुगंधों औ' निराले ढंग से,
है सदा देता कली जी की खिला ।

है खटकता एक सबकी आँख में,
दूसरा है सोहता सुर-सीस पर ।
किस तरह कुल की बड़ाई काम दे,
जो किसी में हो बड़प्पन की कसर ।।

(i) प्रकृति सभी के साथ एकसमान व्यवहार करती है, कैसे ?

(ii) काँटा और फूल समाज में किन लोगों के प्रतीक हैं ?

(iii) काँटा सबकी आँख में क्यों खटकता है ?

(iv) फूल अपने किन गुणों के कारण देवताओं के सिर पर सुशोभित होता है ?

(v) भाव स्पष्ट कीजिए – किस तरह कुल की बड़ाई काम दे,
जो किसी में हो बड़प्पन की कसर ।

12. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **1 × 5 = 5**

दुनिया काँच के महल जैसी है । अपने स्वभाव की छाया ही उस पर पड़ती है । 'आप भले तो जग भला', 'आप बुरे तो जग बुरा ।' अगर आप प्रसन्नचित्त रहते हैं, दूसरों के दोषों को न देखकर उनके गुणों की ओर ही ध्यान देते हैं, तो दुनिया भी आपसे नम्रता और प्रेम का बर्ताव करेगी । अगर आप हमेशा लोगों के ऐबों की ओर देखते हैं, उन्हें अपना शत्रु समझते हैं और उनकी ओर भौंका करते हैं, तो फिर वे क्यों न आपकी ओर गुस्से से दौड़ेंगे ? अंग्रेज़ी में एक कहावत है कि अगर आप हँसेंगे, तो दुनिया भी आपका साथ देगी पर अगर आपको गुस्सा होना और रोना ही है, तो दुनिया से दूर किसी जंगल में चले जाना ही हितकर होगा । अमेरिका के मशहूर नेता अब्राहम लिंकन से किसी ने एक बार पूछा, "आपकी सफलता का सबसे बड़ा रहस्य क्या है ?" उन्होंने ज़रा सोचकर उत्तर दिया, "मैं दूसरों की अनावश्यक नुक्ताचीनी कर उनका दिल नहीं दुखाता ।" कई लोग दूसरों का दृष्टिकोण समझने की कोशिश नहीं करते । दूसरों के विचारों की, कामों की, भावनाओं की आलोचना करना ही अपना परम धर्म समझते हैं । उनका शायद यह ख्याल है कि ईश्वर ने उन्हें लोगों को सुधारने के लिए ही भेजा है । पर वे यह भूल जाते हैं कि शहद की एक बूँद ज़्यादा मक्खियों को आकर्षित करती है, बजाय एक सेर ज़हर के ।

(i) दुनिया को काँच के महल जैसा क्यों कहा गया है ?

(ii) दुनिया आपसे प्रेम व नम्रता का बर्ताव कब करेगी ?

(iii) लेखक ने अंग्रेज़ी की किस कहावत का उल्लेख किया है ?

(iv) अब्राहम लिंकन ने अपनी सफलता का सबसे बड़ा रहस्य क्या बताया ?

(v) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए ।

13. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए : **1 × 10 = 10**

(i) किसी एक समस्त पद का विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए – विद्यालय **अथवा** नवग्रह

(ii) सन्धि-विच्छेद कीजिए – सर्वोदय, हिमालय

(iii) 'वि' तथा 'अभि' उपसर्ग से एक-एक शब्द बनाइए ।

(iv) निम्नलिखित शब्दों में प्रयुक्त प्रत्यय छाँटकर लिखिए :
भारतीय, चायवाला

(v) जो हितकर होता है भले लोग उसे ग्रहण करते हैं । (सरल वाक्य में बदलिए ।)

(vi) वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए :

(क) जो पढ़ा-लिखा न हो ।

(ख) जो बहुत कम जानता हो ।

(vii) किसी एक मुहावरे का वाक्य प्रयोग कीजिए :

(i) दाँतों तले उँगली दबाना

(ii) दिन-रात एक करना

(viii) किसी एक विस्मयादिबोधक शब्द का प्रयोग करते हुए एक वाक्य लिखिए :

(i) अरे ! **अथवा** (ii) उफ़ !

(ix) किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :

(i) पानी (ii) कमल

(x) वाक्य को शुद्ध रूप में लिखिए :
मेरे को कल परीक्षा देने जाना है ।

14. निम्नलिखित गद्यांश का सार लगभग **एक तिहाई** शब्दों में लिखिए : **5**

वर्षा का अपना सौन्दर्य होता है । धूल-धूसरित पत्ते धुलकर निर्मल हो जाते हैं । चारों ओर हरियाली छा जाती है । आकाश में काली घटाएँ छा जाती हैं । बादल गरजते हैं, बिजली चमकती है । शीतल पवन मन में उल्लास भर देती है । चारों ओर मेंढकों की टर्र-टर्र ध्वनि सुनाई पड़ती है । काले मेघों को देखकर मयूर प्रसन्न होकर नाचने लगते हैं । कोयल का पंचम स्वर कानों में मधुरता का संचार करने लगता है । वर्षा के कारण चारों ओर हरियाली छा जाती है । वृक्षों और लताओं पर बहार आ जाती है । काले-काले जामुन, पीले-पीले आम मन को मोह लेते हैं । बागों तथा उपवनों में पक्षी नृत्य कर उठते हैं । पेड़ों पर झूले पड़ जाते हैं । गाँवों के किसान अपने-अपने खेत जोतने के लिए हल लेकर चल पड़ते हैं । स्त्रियाँ सावन के गीत गाने लगती हैं जिससे वातावरण सरस हो जाता है । वर्षा जहाँ एक ओर सुहावने तथा मोहक वातावरण को जन्म देती है तो दूसरी ओर उग्रता और भयानकता से हृदय को दहला देती है । बिजली कड़कने के साथ-साथ झंझावात जब प्रचण्ड रूप धारण कर लेता है तो जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है । नदियों में बाढ़ आ जाती है । कभी-कभी नदियाँ गाँवों तक को बहाकर अपने साथ ले जाती हैं । तभी कहा गया है कि अनावृष्टि तथा अतिवृष्टि दोनों बुरे, दोनों नाशकारक होते हैं ।

15. नगर-निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखकर सूचित कीजिए कि आपके मुहल्ले में कूड़े के ढेर और बंद नालियों की तरफ़ किसी भी सफ़ाई कर्मचारी का ध्यान नहीं है । **5**

**अथवा**

विदेश-यात्रा पर जाने वाले मित्र को मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए शुभकामना पत्र लिखिए ।

16. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **300** शब्दों में निबंध लिखिए : **10**

(क) भ्रष्टाचार – आज की प्रमुख समस्या

(ख) प्रदूषण और बिगड़ता स्वास्थ्य

(ग) बढ़ती महँगाई और हमारी रसोई

(घ) खूब पढ़ो और आगे बढ़ो